भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2069 #
उत्तर देने की तारीख 12 दिसंबर, 2024
21 अग्रहायण, 1946 (शक)

खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत राजस्थान में खेलों को बढ़ावा देना

2069 # श्री नीरज डांगी :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा राजस्थान को स्वीकृत, आवंटित और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने राजस्थान की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत कोई योजना तैयार की है अथवा पहले से ही कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत राजस्थान राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कोई अन्य सहायता प्रदान कर रही है; और

(घ) खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष कितने एथलीटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, राजस्थान राज्य सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के संवर्धन सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राजस्थान राज्य सहित देश में खेलों के संवर्धन हेतु निम्नलिखित स्कीमों को कार्यान्वित करता है।

(i) खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता; (iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

उपर्युक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, इस मंत्रालय में धनराशि का आबंटन स्कीम-वार किया जाता है, न कि जिले-वार।विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राजस्थान राज्य सहित इस विभाग की खेल संवर्धन स्कीमों/कार्यक्रमों के अंतर्गत आबंटित धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	**बजट आबंटन (करोड़ रु.)**
2021-22	1993.00
2022-23	1907.69
2023-24	2380.86
2024-25	2382.82

खेलो इंडिया स्कीम इस मंत्रालय की प्रमुख केंद्रीय सेक्टर की स्कीम है जिसका उद्देश्य राजस्थान राज्य सहित देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेल उत्कृष्टता हासिल करके जनता को खेल के क्रॉस कटिंग प्रभाव के माध्यम से इसकी शक्ति का उपयोग करने का अवसर प्रदान करना है।

(घ) अभी तक 2781 खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) को कोचिंग, उपकरण, चिकित्सा देखभाल और आउट ऑफ पॉकेट भत्ता (ओपीए) प्रदान किया जाता है।राजस्थान राज्य सहित देशभर में केआईए का राज्य-वार विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड http://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centres पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

****